आयो होली को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले,
चलो वृन्दावन को चाले,
आयों होरी को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले।।

तर्ज होली खेल रहे नन्दलाल।

सुन सुन री सखी ललिता,
रंगों की थाली लाना,
और सुन री सखी विशाखा,
तू मनमोहन को भिगाना,
रंगों की डार फुहार,
चलो वृन्दावन को चाले,
आयों होरी को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले।।

है बहुत चतुर यो सयानो,
वो यशोमती को लालो,
है बड़ो ही जादूगर यो,
मनमोहन मुरली वालो,
नैनन से करता वार,
चलो वृन्दावन को चाले,
आयों होरी को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले।।

वाको रंग है कारो कारो,
वाको लाल मोहे है करनो,
रंग भर भर के पिचकारी,
मोहे मनमोहन को रंगनो,
दूंगी वाकी अकड़ उतार,
चलो वृन्दावन को चाले,
आयों होरी को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले।।

आयो होली को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले,
चलो वृन्दावन को चाले,
आयों होरी को त्यौहार,
चलो वृन्दावन को चाले।।

Singer Kanishka Negi

Source:
https://www.bharattemples.com/aayo-holi-ko-tyohar-chalo-vrindavan-ko-chale/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw